-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 18.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पीआरवी 112 की तत्परता एवं सूझबूझ से फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली महिला की फांसी के फंदे से खींच लाई गई जिंदगी, साहस और समय के तालमेल से फरिश्ता बनी पीआरवी।**

विवरण- दिनांक 17.04.2026 की रात्रि लगभग 09:00 बजे थाना बदौसा क्षेत्रांतर्गत एक कॉलर अजय द्वारा PRV 8093 पर सूचना दी गई कि उसकी पत्नी घर के अंदर कमरे का दरवाजा बंद करके फांसी लगाने जा रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी के कमांडर कां0 अमन सिंह व चालक कां0 कैलाश चन्द्र द्वारा मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए फंदे को काटकर महिला को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। महिला से पूछताछ करने पर मालूम हुआ कि उक्त महिला का उसके पति से वाद-विवाद हो गया था, जिससे वह दुखी थी। महिला तथा उसके पति को आपस में प्रेम पूर्वक बातचीत कर मामले का समाधान निकालने की सलाह दी गई तथा महिला को समझाया गया कि दोबारा आत्महत्या संबंधी विचार मन में न लाएं तथा किसी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी।